उत्तर प्रदेश शासन

सार्वजनिक उद्यम अनुभाग-1

संख्या-3/2024/905/44-1-2023-31/97

लखनऊः दिनांकः 10 अक्टूबर, 2023

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो, उ०प्र०, जवाहर भवन, लखनऊ के अन्तर्गत उप निदेशक, वेतनमान लेवल-11 (रु0 67,700-2,08,700) के स्थायी पद पर लोक सेवा आयोग, उ०प्र०, प्रयागराज की संस्तुति के आधार पर श्री राज्यपाल महोदय श्री लवकुश शरण पाण्डेय पुत्र श्री हरीराम पाण्डेय, निवासी-1593 पशुपति पुरम, सिविल लाइन्स, पो० गांधी नगर, जिला-बस्ती, उ०प्र० को उक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन नियुक्त किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैंः-

1. श्री लवकुश शरण पाण्डेय को उ०प्र० सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो (समूह 'क' और समूह 'ख' के आर्थिक एवं प्राविधिक पद) सेवा नियमावली 1993 के सुसंगत प्राविधानों के अधीन दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन रखा जायेगा।
2. उप निदेशक पद पर रत्द्वारा दी जा रही नियुक्ति इस शर्त के अधीन है कि श्री लवकुश शरण पाण्डेय का स्वास्थ्य पद के दायित्वों के निर्वहन के दृष्टिकोण से अनुकूल है।
3. उपर्युक्त नियुक्ति इस निमित्त बनाये गये नियमों एवं नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा लिये गये सुसंगत निर्णय के अधीन होगी।
4. उक्त पद धारक को अनुमन्य वेतन के साथ समय-समय पर प्रदत्त अन्य समकक्ष राज्य कर्मचारियों को अनुमन्य महंगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते भी देय होंगे। समकक्ष राज्य कर्मचारियों को उपलब्ध अन्य सुविधायें तथा दायित्व उक्त पदधारक पर भी लागू होंगे।

2- उक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए अभ्यर्थी को कोई यात्रा भत्ता आदि अनुमन्य नही होगा।

अनिल कुमार सागर
प्रमुख सचिव ।

<u>संख्या-3/2024/905(1)/44-1-2023, तद्दिनांक ।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, उ०प्र०, प्रयागराज।
2. महानिदेशक, सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो, उ०प्र० लखनऊ को इस अपेक्षा सहित प्रेषित कि वे कृपया पत्र निर्गत होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर श्री लवकुश शरण पाण्डेय को कार्यभार ग्रहण कराकर कार्यभार प्रमाण-पत्र शासन को प्रस्तुत करने का कष्ट करें, ताकि नियुक्ति सम्बन्धी अधिसूचना का प्रकाशन किया जा सके।
3. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. उप सचिव, लोक सेवा आयोग, उ०प्र० प्रयागराज को उनके गोपनीय पत्र संख्या-472(5)/02/डी०आर०/एस-9/2020-21, दिनांक 27 मई, 2023 के कम में सूचनार्थ प्रेषित।
5. श्री लवकुश शरण पाण्डेय पुत्र श्री हरीराम पाण्डेय, 1593 पशुपति पुरम, सिविल लाइन्स, पो० गांधी नगर, जिला-बस्ती, उ०प्र० को इस अभ्युक्ति के साथ प्रेषित के वे कृपया कार्यभार ग्रहण करते समय उप निदेशक से उच्च स्तर के दो राज्य पत्रित अधिकारियों को चरित्र प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें।

आज्ञा से,
रामध्यान रावत
अनु सचिव ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in